# यूपी में निवेश की संभावनाएं तलाशने पहुंचा विदेशी प्रतिनिधिमंडल

जासं • लखनऊ : उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाएं तलाशने और प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का अनुभव करने के उद्देश्य से शनिवार को मध्य एवं दक्षिण अमेरिका एवं कैरिबियन के 21 देशों से आए 45 सदस्यीय राजनयिक प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ का दौरा किया। यह दौरा भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के अंतर्गत सुषमा स्वराज इंस्टीट्यूट आफ फारेन सर्विस (एसएसआइएफएस) के प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया।



कई देशों के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को एकेटीयू का दौरा किया • सौ एकेटीयू

प्रतिनिधिमंडल के साथ विदेश मंत्रालय की संयुक्त सचिव अनीता शुक्ला और एसएसआइएफएस की संकाय सदस्य डा. ऋतिका शर्मा भी मौजूद रहीं। इस तीन दिवसीय यात्रा का समन्वय इन्वेस्ट यूपी ने किया। राजनयिकों ने भारतीय प्रबंधन संस्थान (आइआइएम) लखनऊ का भ्रमण कर शिक्षकों और छात्रों से नवाचार, नेतृत्व विकास तथा उद्यमिता संबंधी पहल पर चर्चा की। बातचीत में छात्र विनिमय कार्यक्रमों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) जैसे उभरते क्षेत्रों को शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में शामिल करने पर भी विचार-विमर्श हुआ। डीन प्रोग्राम प्रो. संजय के. सिंह और चेयरपर्सन (एमडीपी) प्रो. मधुमिता चक्रवर्ती ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

**एकेटीयू की अत्याधुनिक लैव और इनोवेशन हव देखा :** डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में विदेशी सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने उनका स्वागत किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय में युवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं, अनुसंधान और प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी ली।

सबसे पहले प्रतिनिधिमंडल विश्वविद्यालय के इनोवेशन हब पहुंचा। यहां विदेशी मेहमानों को प्रदेश के युवाओं और छात्रों को नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए दी जाने वाली जानकारी ली। उसके बाद विभिन्न अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं और सुविधाएं देखीं, जिनमें आइडिया लैब, इंडस्ट्रियल आटोमेशन लैब, साइबर सिक्योरिटी लैब, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब शामिल रही। इसके अलावा वह कलाम इनक्यूबेशन सेंटर भी पहुंचे। इन सभी केंद्रों और लैब में छात्रों, शोधकर्ताओं और स्टार्टअप्स द्वारा किए जा रहे अनुसंधान और नवाचार को देखा गया। डीन इनोवेशन एंड सोशल एंटरप्रेन्योरशिप डा. बीएन मिश्रा ने प्रतिनिधिमंडल के समक्ष विश्वविद्यालय की अनुसंधान, नवाचार और स्टार्टअप गतिविधियों एवं स्टार्टअप समर्थन पर विस्तृत प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो. राजीव कुमार, कुलसचिव रीना सिंह, एसोसिएट डीन इनोवेशन डा.अनुज कुमार शर्मा, हेड इनोवेशन हब महीप सिंह, मैनेजर इनोवेशन हब वंदना शर्मा भी मौजूद रहीं।

**एचसीएल आइटी सिटी भी देखा :** प्रतिनिधिमंडल ने एचसीएल आइटी सिटी का भी भ्रमण किया, जहां उन्होंने 11,000 से अधिक पेशेवरों को रोजगार देने वाले प्रदेश के तेजी से विकसित होते डिजिटल और आइटी पारिस्थितिकी तंत्र को देखा। उन्होंने तकनीकी और डिजिटल नवाचार में सहयोग की संभावनाओं पर विचार किया।